## संपादकीय

# चौहान का चौका

लंबे राजनीतिक ड्रामे के बीच शीर्ष अदालत की दखल के बाद आखिरकार शिवराज सिंह चौहान मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री बन ही गये। चौथी बार मुख्यमंत्री बनने वाले चौहान प्रदेश के ऐसे पहले नेता हैं। वर्ष 2005 से 2018 के बीच चौहान तीन बार राज्य के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को बहुमत का आंकड़ा नहीं मिल सका था। बहुमत तो कांग्रेस को भी नहीं मिला था, मगर कुछ निर्दलियों व अन्य दलों के विधायकों की मदद से कांग्रेस सरकार बनाने में कामयाब हुई थी। मगर विधानसभा में संख्या गणित को देखते हुए तय था कि कमलनाथ सरकार का स्थायी होना मुश्किल ही रहेगा। भाजपा भी घात लगाए बैठी थी कि कांग्रेस में अंतर्विरोध उभरे और उसे सरकार बनाने का मौका मिले। कांग्रेस पार्टी में महत्वाकांक्षाओं के ज्वार के बीच तमाम ऐसे अवसर मिल ही जाते हैं कि जिनका लाभ उठाने में भाजपा नहीं चूकती। इस बार मौका ज्योतिरादित्य सिंधिया की बगावत ने दिलवाया और छह मंत्रियों समेत 23 विधायकों के इस्तीफे से पहले हाई वोल्टेज ड्रामा पूरे देश ने देखा। भाजपा ने पूरे प्रकरण की रूपरेखा फुलप्रूफ तैयार कर रखी थी ताकि कर्नाटक जैसी किरकिरी न हो। वह बात अलग है कि इस प्रक्रि या में लोकतांत्रिक मर्यादाओं का अतिक्र मण जमकर होता रहा है। हालांकि, भाजपा दावा कर रही है कि कांग्रेस सरकार अपने ही बोझ से चरमराई है, मगर पर्दे के पीछ के खेल को बखूबी समझा जा सकता है। बहरहाल, मौजूदा हकीकत यह है कि 15 माह पुरानी कमलनाथ सरकार की विदाई हुई है। हालांकि, वे सरकार बचाने के तमाम दावे कर रहे थे। कोरोना फैक्टर को ढाल बनाने की भी कोशिश की, मगर सुप्रीम कोर्ट की दखल के बाद उनके पास ज्यादा विकल्प नहीं बचे थे। यही वजह थी कि उन्होंने सदन में बहुमत साबित करने के बजाय इस्तीफा देना ज्यादा मुनासिब समझा, जिससे मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार बनने का रास्ता साफ हुआ। निःसंदेह, भाजपा में शिवराज सिंह चौहान ही एकमात्र ऐसा चेहरे थे, जिन्हें मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी दी जा सकती थी। हालांकि, कुछ अन्य नामों की भी चर्चा रही, मगर बाजी आखिर चौहान के पक्ष में रही। इसमें दो राय नहीं कि शिवराज चौहान ने मध्यप्रदेश की राजनीति में अपनी मजबूत जगह बनायी है। हाल ही में कई राज्यों में पार्टी को हुई क्षति के बाद कहीं न कहीं भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व भी यह महसूस करता रहा है कि राज्यों में लोकप्रिय नेताओं को ही सत्ता की बागडोर दी जाये ताकि पार्टी को नरेंद्र मोदी के करिश्मे पर निर्भर न रहना पड़े। निःसंदेह शिवराज चौहान अपनी लोकप्रियता, सौम्य व्यवहार, लंबे अनुभव तथा संघ से गहरे रिश्तों के चलते पार्टी की प्राथमिकता थे। अन्य पिछड़ा वर्ग से आने वाले चौहान के पास मुख्यमंत्री के रूप में तेरह साल का अनुभव प्लस प्वाइंट था। विपक्ष में रहते हुए भी उनकी सक्रि यता ने पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल गिरने नहीं दिया और लगातार सड़क पर उतरते भी रहे।

# कई कंपनियों ने महीना पूरा होने से पहले दी सैलरी

मुंबई (आरएनएस)। कोरोना वायरस महामारी को लेकर लॉकडाउन के बीच कई कंपनियों ने अपने कर्मचारियों को राहत दी है।

कंपनियों ने मार्च महीने की सैलरी पहले ही अपने कर्मियों के खाते में डाल दी है। कोरोना के कारण अर्थव्यवस्था की खास्ता हालत, नौकरियों और सैलरी में कटौती की आशंका से जूझ रहे कर्मचारियों को अडवांस पेमेंट से राहत मिलने की उम्मीद है।

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इंडियाबुल्स, मैरिको, मेट्रो कैश ऐंड कैरी तथा एसबीआई जनरल जैसी कंपनियों ने अपने कर्मचारियों को महीना पूरा होने से पहले ही मार्च की सैलरी देने का फैसला किया था, ताकि लॉकडाउन की वजह से अपने-अपने घरों में बंद होकर वर्क



» कर्मचारियों ने ली राहत की सांस

फ्रॉम होम कर रहे कर्मचारी राहत की सांस ले सकें। अपने कर्मचारियों को भेजे गए ई-मेल में टीसीएस ने कहा, कोविड-19 महामारी तथा देशव्यापी लॉकडाउन को देखते हुए कंपनी ने आप लोगों की मार्च 2020 की इंडिया सैलरी 27 मार्च, 2020 को देने का फैसला किया था। टीसीएस आमतौर पर सैलरी महीने के अंतिम कामकाजी दिन देती है।

कोरोना वायरस महामारी को रोकने के लिए केंद्र सरकार द्वारा किए गए देशव्यापी लॉकडाउन के बाद इस कंपनी के 85त्न कर्मचारी वर्क फ्रॉम होम कर रहे हैं। कंपनी के बाकी कर्मचारी कैंपस से ही काम कर रहे हैं, क्योंकि कंपनी कुछ बेहद अहम सिस्टम्स को सपोर्ट करती है, जिनसे बैंकों, स्टॉक एक्सचेंज, टेलिकॉम, इलेक्ट्रिसिटी तथा रिटेल सर्विसेज का का संचालन होता है। वहीं, मैरिको के सीएचआरओ अमित प्रकाश ने बताया, कंपनी ने मार्च महीने की सैलरी महीना पूरा होने से एक हफ्ता पहले क्रेडिट कर दी।

## कोरोना के प्रकोप के बीच शेयर बाजारों में गिरावट

मुंबई (आरएनएस)। कोरोना वायरस (कोविड 19) के विश्व में बढ़ते प्रकोप के बीच सोमवार को देश के शेयर बाजारों में गिरावट का रुख रहा। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स एक हजार अंक से और निफ्टी 250 अंक टूट गए। शुक्रवार के 29815.59 अंक की तुलना में सेंसेक्स 29226.56 अंक पर 590 अंक नीचा खुला और 1100 अंक गिरकर 28708.83 अंक तक गिरा और फिलहाल 29238.72 अंक पर 577 अंक नीचे है। निफ्टी भी 250 तक गिरने के बाद 8491.25 अंक पर 169 अंक नीचे कारोबार कर रहा है।

## आईपीएल पर अभी कोई फैसला नहीं, हालात पर नजरः बीसीसीआई सूत्र

**मुंबई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने सोमवार को कहा कि इस साल की इंडियन प्रीमियर लीग को लेकर अभी तक कोई फैसला नहीं किया गया है।**

देश में कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण 21 दिनों का लॉकडाउन है और ऐसे में इस लीग के आयोजन को लेकर संशय बरकरार है।

बोर्ड के सूत्र ने कहा कि फिलहाल हालात पर नजर बरकरार है और वे हालात का जायजा ले रहे हैं। बीसीसीआई के सूत्र ने बताया, आईपीएल को



लेकर अभी कोई फैसला नहीं किया गया है। हम हालात पर करीबी नजर बनाए हुए हैं। और हम उसी के हिसाब से कोई फैसला लेंगे।

इस पहले, बीसीसीआई ने आईपीएल के इस सीजन को 15 अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दिया था। पहले इस लीग के इस सीजन की शुरुआत 29 मार्च को होनी थी। ऐसा कोविड-19 महामारी के प्रभाव के चलते किया गया था।

## लॉकडाउन के कारण चूजों का उत्पादन बंद होने से पोल्ट्री उद्योग को भारी नुकसान

नईदिल्ली (आरएनएस)। देश में कोरोना वायरस (कोविड-19) के बढ़ते हुए प्रकोप को नियंत्रित करने के लिए लागू किए गए लॉकडाउन के कारण चूजों के उत्पादन के लगभग बंद होने से पोल्ट्री उद्योग को भारी नुकसान हो रहा है।

इस वैश्विक महामारी से निपटने के लिए यातायात के साधनों पर लगाई गई रोक के कारण अधिकांश स्थानों पर हैचिंग का काम रोक दिया गया है और अंडों के भंडारण पर जोर दिया जा रहा है। इतना ही नहीं सरकारी संस्थानों



में किसानों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को भी रोक दिया गया है।

कोरोना के मद्देनजर यातायात के साधनों पर रोक लगाए जाने से न केवल लोगों का आना-जाना बाधित हुआ है बल्कि मुर्गी दाना, दवा ,विटामिन्स , खनिज और बिक्री के लिए तैयार मुर्गियों का परिवहन भी बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ रामेश्वर सिंह ने पोल्ट्री उद्योग के संकट के बारे में पूछे जाने पर बताया कि विकट परिस्थिति के कारण ऐसी स्थिति उत्पन्न हुई है जिसका लंबे दौर में किसानों की आर्थिक स्थिति पर व्यापक असर होगा।

डॉक्टर सिंह ने बताया कि चूजा उत्पादन बंद होने से व्यावसायिक पैमाने पर पोल्ट्री उद्योग बुरी तरह से प्रभावित होगा और अंततः इसका असर किसानों की अर्थव्यवस्था पर होगा। देश में करीब 10 लाख किसान पोल्ट्री व्यवसाय से जुड़े हुए हैं।

## कोविड 19 मनु भाकेर ने दिए 1 लाख

**नईदिल्ली।** भारत की उभरती हुई महिला निशानेबाज मनु भाकेर ने कोरोनावायरस से लड़ाई में हरियाणा मुख्यमंत्री राहत कोष में एक लाख रुपये की मदद देने का फैसला किया है। भाकेर ने ट्वीट किया, यह ऐसा समय है जब देश के लोगों की जान सबसे ज्यादा मायने रखती है और हम सभी को वह करना चाहिए जिससे हम जिंदगियां बचा सकें। मैं हरियाणा कोरोना केयर फंड में अपनी तरफ से 1 लख रुपये की मदद का ऐलान करती हूं और उम्मीद करती हूं कि आप भी इस आपदा में कुछ न कुछ योगदान देकर देश की मदद करेंगे। भाकेर ने सभी लोगों से अपील की है कि वे इस मुश्किल समय में देश की मदद करें।

## शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 32 पैसे टूटा

मुंबई (आरएनएस)। शुरुआती कारोबार के दौरान भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 32 पैसे टूटकर 75.21 के स्तर पर आ गया। कोरोना वायरस महामारी पर जारी अनिश्चितताओं और दुनिया भर में गहराते लॉकडाउन के चलते कारोबारियों ने बिकवाली का रुख अपनाया।

मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कोरोना वायरस के कारण आर्थिक मंदी की बढ़ती आशंकाओं और घरेलू इच्टिी बाजार में कमजोर शुरुआत से स्थानीय मुद्रा में



गिरावट हुई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया कमजोरी के साथ 75.17 पर खुला और पिछले बंद भाव के मुकाबले 32 पैसे गिरकर 75.21 पर पहुंच गया। इससे पहले शक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 74.89 पर बंद हुआ था। रिलायंस सिक्योरिटीज ने कहा, हमारा मानना है कि आरबीआई बाजार में अस्थिरता को रोकने के लिए हस्तक्षेप कर सकता है। तकनीकी रूप से रुपये के अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 74.70-75.70 की सीमा में बने रहने का अनुमान है। कोरोना वायरस के चलते दुनिया भर में करीब 34,000 लोगों की मौत हो गई है। भारत में इस बीमारी से संक्रमण का आंकड़ा भी 1,000 से अधिक हो चुका है। कच्चे तेल की बात करें तो ब्रेंट क्रूड वायदा 6.22 प्रतिशत गिरकर 23.38 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने ऋण ब्याज दरों में की 0.75 प्रतिशत की कटौती

नयी दिल्ली (आरएनएस)। बैंक ऑफ बड़ौदा ने खुदरा, निजी और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम (एमएसएमई) उद्योग ऋण के लिए ब्याज दर में 0.75 प्रतिशत की कटौती की है। इसके बाद यह ऋण ब्याज



दर 7.25 प्रतिशत तक आ गयी है जो 28 मार्च से मान्य हैं। बैंक ने एक बयान में कहा कि उसने अपनी रेपो दर से जुड़ी ऋण ब्याज दर (आरएलएलआर) को 0.75 प्रतिशत घटा दिया है। भारतीय रिजर्व बैंक के हाल में रेपो दर को 5.15 प्रतिशत से घटाकर 4.40 प्रतिशत करने के बाद बैंक ऑफ बड़ौदा (बॉब) ने अपनी ब्याज दर में कटौती की है।बैंक ने कहा कि सभी तरह के खुदरा और निजी ऋणों पर 28 मार्च 2020 से 7.25 प्रतिशत का ब्याज दर लिया जाएगा।

## आज का राशिफल

मेषः राशि का स्वामी मंगल दशम कर्म भाव में शनि की संगति में है। कड़वाहट को मिठास में बदलने की कला आपको सीखनी पड़ेगी।

वृषभः आज का दिन संतोष और शांति का है। राजीतिक क्षेत्र में किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी।

मिथुनः राशि स्वामी के नवम भाव में होने के कारण किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने का भय बन रहेगा।

कर्कः चन्द्रमा एकादश भाव में उत्तम संपत्ति का संकेत कर रहा है। आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी।

सिंहः राशी का स्वामी सूर्य चार ग्रहों के बीच में आ गया है। आमदनी के नए स्रोत बनने की संभावना है।

कन्याः राशि स्वामी बुध परा म वृद्धि कर रहा हैं रोजगार व्यापार के क्षेत्र में जारी प्रयासों में अकल्पनीय सफलता प्राप्त होगी।

तुलाः आज आपके चारों ओर सुखद वातावरण रहेगा। घर परिवार के सभी सदस्यों की खुशियां बढ़ेगी।

वृश्चिकः आपकी राशि पर केतु योग अभी कुछ दिन और चलेगा। फलस्वरूप कुछ आंतरिक विकार जैसे-वायु-मूत्र-रक्त , जड़ जमा रहे हैं।

धनुः आज आपके विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे। शासन सत्ता पक्ष से निकटता व गठजोड़ का लाभ भी मिलेगा।

मकरः आज पारिवारिक व आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी।

कुंभः आज आपके स्वास्थ्य सुख में व्यवधान आ सकता है। राशि का स्वामी शनि क्योंकि उदय चल रहा है।

मीनः आज का दिन पुत्र, पुत्री की चिंता उनके कामों में व्यतीत होने की आशंका है। दाम्पत्य जीवन में कई दिन से चला आ रहा गतिरोध समाप्त हो जाएगा।

## कोरोना के खिलाफ जंग में वरुण ने दिया 55 लाख का डोनेशन

कोरोना वायरस की लड़ाई में अब बॉलिवुड ऐक्टर वरुण धवन ने भी अपना सहयोग किया है। दरअसल, वरुण धवन ने कुल 55 लाख रुपये देने की घोषणा की है। इस धनराशि में उन्होंने 25 लाख रुपये महाराष्ट्र सीएम रिलीफ फंड और 30 लाख रुपये पीएम केयर्स फंड में दिए हैं।

वरुण धवन पीएम केयर्स फंड में दान देने वाले दूसरे ऐक्टर हैं। इसके पहले अक्षय कुमार ने 25 करोड़ रुपये देने की घोषणा की थी।

वरुण धवन ने अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा, मैं महाराष्ट्र सीएम रिलीफ फंड में 25 लाख रुपये के सहयोग की घोषणा करता हूं। सर हम सब आपके साथ हैं। इसके साथ ही उन्होंने दूसरे ट्वीट में लिखा, मैं पीएम केयर्स फंड में 30 रुपये के सहयोग की घोषणा करता हूं। हम इस से जीत जरूर पाएंगे। देश है




तो हम हैं। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम केयर्स फंड की शुरुआत की है। पीएम मोदी ने इस फंड के जरिए सहयोग करने की अपील की। पीएम की अपील पर सबसे पहले अक्षय कुमार ने रुपये देने का घोषणा की।

इससे पहले कई सितारे जरूरत की इस घड़ी में आर्थिक मदद की घोषणा कर चुके हैं, जिसमें तेलुगू सुपरस्टार्स पवन कल्याण, राम चरण, बाहुबली फेम प्रभास, महेश बाबू, चिरंजीवी, जूनियर एनटीआर, रजनीकांत जैसे साउथ इंडस्ट्री के सितारों के अलावा रितिक रोशन, कपिल शर्मा जैसे कई सितारों के नाम शामिल हैं।

## रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण की पुरानी तस्वीर वायरल

एक वक्त था जब रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण अपनी ऑफ-स्क्रीन केमिस्ट्री के लिए सुर्खियों में रहते थे। दोनों ने कुछ वक्त तक डेटिंग भी की फिर उनका ब्रेकअप हो गया।

अब दोनों मूव-ऑन कर चुके हैं और कड़वाहट भुला चुके हैं। इस वक्त दोनों की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इस तस्वीर में दोनों साथ में हैं लेकिन चर्चा उस हाथ की हो रही है जिसने यह तस्वीर क्लिक की



है। रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण का ब्रेकअप अच्छे टर्म्स पर नहीं हुआ था। ब्रेकअप के बाद दीपिका ने उनके खिलाफ काफी भड़ास भी निकाली थी। अब इंटरनेट पर दोनों की साथ में तस्वीर वायरल हो रही है। तस्वीर विदेश के मेट्रो बेसमेंट की है (शायद तमाशा की शूटिंग के वक्त की)। तस्वीर तो नॉर्मल है लेकिन इसमें 2 हाथ दिख रहे हैं उस पर चर्चा है।

कई लोगों को लग रहा है कि ये हाथ रणवीर सिंह के हैं, कुछ तो इन्हें आलिया के हाथ बता रहे हैं। हालांकि ऐसा लग रहा है कि यह तस्वीर फिल्म के प्रड्यूसर-डायरेक्टर इम्तियाज अली ने खींची है।

## घर पर बनाएं दही पनीर के आलू की रेसिपी स्वाद से भरपुर



**सामग्री :-**

2 आलू चौकोर टुकड़ों में कटे

1 छोटा चम्मच पनीर

2 बड़े चम्मच दही

1 पैकेट रेडीमेड मसाला मैजिक

1 बड़ा चम्मच तेल

1 छोटा चम्मच देगी मिर्च

थोड़ी सी धनियापत्ती (कटी हुई)

नमक स्वादानुसार

**विधि :-**

आलुओं को 2-3 मिनट के लिए उबलते पानी में डाल कर रखें। फिर पानी निथार दें। पनीर को 1 चम्मच पानी के साथ मिला कर पेस्ट बना लें। एक पैन में तेल गरम कर पहले मैजिक मसाला भूनें फिर पनीर व दही मिला कर अच्छी तरह से भूनें। फिर अब 1/2 कप पानी मिलाएं, नमक डालें और ढक कर कुछ देर पकाएं। जब आलू गल जाएं तो आंच बंद कर दें। 1 चम्मच तेल में देगीमिर्च का छौंक बना कर सब्जी पर डाल दें। धनियापत्ती बुरक कर गरमगरम परोसें।


## शब्द सामर्थ्य- 77

**बाएं से दाएं**

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिड़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, बलर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 76 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | क्ति | ■ | स्वा | द | ■ | स | ब | ब |
| जा | ■ | सु | हा | ना | ■ | ■ | ली | द |
| ब | हु | धा | ■ | द | ल | ना | ■ | ल |
| ■ | ■ | क | मा | न | ■ | ग | ह | ना |
| भं | व | र | ■ | ■ | ■ | वा | म | ■ |
| गी | त | ■ | म | ज | बू | र | ■ | ट |
| ■ | न | म | स्का | र | ■ | ■ | ■ | र |
| ■ | ■ | यों | ■ | ■ | बी | ■ | ना | का |
| सं | वि | दा | ■ | ब | स | च | ल | ना |

## सू-दोकू- 77

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.76 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |